विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2024 के प्रथम गुरूवार हेतु निर्धारित श्री ध्रुव कुमार त्रिपाठी, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-9 का उत्तर ।

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 9(क) क्या अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री बतायेंगे कि मदरसा मिनी आई0टी0आई0 में कार्यरत अनुदेशकों/ कार्मिकों के वेतन/ मानदेय के भुगतान हेतु बजट का आवंटन वार्षिक, छमाही या तिमाही किया जाता है ? | जी नहीं। |
| (ख) यदि नहीं, तो क्यों ? | वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1, उत्तर प्रदेश शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या-2/2023/बी-1-227/ दस- 2023-231/ 2023, दिनांक-17.03.2023 के प्रस्तर-2(6)(स) के अनुसार वेतन/मानदेय के भुगतान हेतु बजट आवंटन के सम्बन्ध में निम्न व्यवस्था की गयी है:-<br>प्रस्तर-2(6)(स)<br>ऐसी राज सहायतित संस्थाएं, जिनके वचनबद्ध व्ययों को पूर्णतः अथवा आंशिक रूप से वहन करने का दायित्व राज्य सरकार का है और उन्हें मानक मद-20-सहायता अनुदान-सामान्य (गैर वेतन) के अन्तर्गत सहायता दी जानी है, तो संस्थाओं के पास विगत वर्ष की अप्रयुक्त अवशेष धनराशि के समायोजन के उपरान्त धनराशि निम्नवत् अवमुक्त की जायेगी।<br>(स) रू0 4.00 करोड़ से अधिक बजट व्यवस्था वाले प्रकरणों में धनराशि दो-दो महीने के अन्तराल पर छः समान किश्तों में अवमुक्त की जायेगी।<br>मदरसा मिनी आई0टी0आई0 में कार्यरत अनुदेशकों/ कार्मिकों के मानदेय के भुगतान निरन्तर किया जा रहा है। |
| (ग) क्या उक्त बजट आवंटन 06 किश्तों में होने के कारण वेतन/मानदेय का भुगतान समय से नहीं किया जा रहा है ? | |
| (घ) इसका औचित्य क्या है और इसके लिए उत्तरदायी कौन है ? | प्रश्न नहीं उठता। |
| (ङ) क्या पूर्व की भाँति उक्त अनुदेशकों/ कार्मिकों के वेतन एवं मानदेय के भुगतान हेतु बजट का आवंटन छमाही कराना सुनिश्चित करायेंगे ? | उपरोक्तानुसार। |

Digitally Signed by धर्मपाल सिंह
Date: 29-01-2024 17:12:24
Reason: Approved

( धर्मपाल सिंह )
मंत्री,
अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ़ विभाग ।